# नोट शीट

## मुख्य विकास अधिकारी / जिलाधिकारी

महोदय,

दिनांक **17-06-2025** को जल जीवन मिशन के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय, मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0 एवं कार्यदायी फर्म मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा0लि0, के AGM एवं कार्यदायी फर्म जैक्शन विश्वराज (जे0वी0), के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे। बैठक में जल जीवन मिशन फेज -2 तथा फेज-5 में स्वीकृत परियोजनाओं की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर दाईं ओर संलग्न है। कृपया अनुमोदित करना चाहें।

18-6-2025

अधिशासी अभियंता
उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण),
संतकबीरनगर।

18/6/2025

मुख्य विकास अधिकारी
संत कबीर नगर

18/6

जिलाधिकारी
संत कबीर नगर

Scanned with OKEN Scanner

## <u>दिनांक 17-06-2025 को जल जीवन मिशन के कार्यों की जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त</u>

दिनांक 17-06-2025 को जल जीवन मिशन फेज-2 व फेज-5 से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई। जिसमें निम्न अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे-

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, संतकबीरनगर।
2. श्री संजय कुमार जायसवाल, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), संतकबीरनगर।
3. श्री अभिषेक पाण्डेय/श्री जे0एन0 यादव, सहायक अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), संतकबीरनगर।
4. श्री हरि प्रसाद शर्मा, **AGM**, मेघा इंजी0 एण्ड इन्फ्रा0लि0, संतकबीरनगर।
5. श्री विवेक श्रीवास्तव, **PM,** जैक्शन विश्वराज (जे0वी0), संतकबीरनगर।
6. श्री ओ0पी0 तिवारी, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।
7. श्री वृजेश सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0, संतकबीरनगर।

जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु तैनात कार्यदायी फर्मों की समीक्षा निम्नानुसार किया गया।

**1. <u>कार्यदायी फर्म (मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०, हैदराबाद)</u>**

❖ जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मेघा इंजीनियरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर लि, हैदराबाद को फेज-2 के अन्तर्गत कुल 449 राजस्व ग्रामों का कार्य आवंटित किया गया, जिसको सम्मलित करते हुए 171 DPR के माध्यम से संतृप्त किया जाना था। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 171 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है एवं कुल 171 नग योजनाओं के सापेक्ष मात्र 179 नग नलकूप निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

❖ फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 2 परियोजनाओं (दुर्गजोत पे0यो0, वि0ख0- मेंहदावल एवं अजवा खास पे0यो0, वि0ख0- पौली) पर भूमि संबंधित विवाद है। जिसके निस्तारण हेतु तहसील में संपर्क कर प्रयास किया जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा डी0सी0 डी0पी0एम0यू0 को संबंधित उपजिलाधिकारी से संपर्क स्थापित कर शीघ्र भूमि संबंधित विवाद हल करने हेतु निर्देशित किया गया।

❖ फेज-2 के कार्यो की कम्पोनेंटवार प्रगति समीक्षा में कार्यदायी फर्म मेघा इंजीनियरिंग के AGM द्वारा पम्प हाऊस 179 के सापेक्ष 170 पूर्ण कर लिया गया है तथा 07 परियोजनाओं पर पम्प हाऊस का कार्य प्रगति पर है ए पाइपलाइन का कार्य 1450 किमी0 के सापेक्ष 1405 किमी0 पूर्ण कर लिया गया 05 किमी0 पाइपलाइन का का प्रगति पर है। शेष 40 किमी0 का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए फर्म के AGM द्वारा कहा गया। ओवरहेड टैं 171 के सापेक्ष 56 ओवरहेड टैंक का कार्य पूर्ण कर लिया गया। 107 ओवरहेड टैंक पर कार्य प्रगति पर है त 08 ओवरहेड टैंक का कार्य अनारम्भ है। जिसे शीघ्र आरम्भ कराने हेतु AGM द्वारा अवगत कराया गया। हाउ कनेक्शन 56030 नग के सापेक्ष 43400 नग पूर्ण किये गये है शेष 12630 हाऊस कनेक्शन का कार्य प्रगति है। फर्म के AGM द्वारा अवगत कराया गया कि 171 पे0यो0 में से 142 पे0यो0 पर डारेक्ट पम्पिंग के माध्यम ग्रामवासियों को जलापूर्ति उपलब्ध करायी जा रही है तथा 21 नग पे0यो0 पर शिरोपरि जलाशय के माध्या जलापूर्ति उपलब्ध करायी जा रही है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि आव श्रमिकों की संख्या के सापेक्ष कार्यस्थल पर श्रमिकों की संख्या बहुत कम है। जिसके कारण ओवरहेड टैं

Scanned with OKEN Scanner

❖ परियोजनाओं की कम्पोनन्ट-वार प्रगति निम्नानुसार है-

| Sr.no | Component | UOM | Target | Progress | | | Progress % | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Completed Total | Work in progress | Work not started | Completed | Balance to be completed | Work in progress |
| 1 | TUBEWELL | Nos. | 179 | 179 | - | - | 100 | - | - |
| 2 | PUMP HOUSE | Nos. | 179 | 170 | 7 | 2 | 94.97 | 1.12 | 3.91 |
| 3 | PIPELINE | KM | 1450 | 1405 | 5 | 40 | 96.9 | 2.76 | 0.34 |
| 4 | OVERHEAD TANK | Nos. | 171 | 56 | 107 | 8 | 32.75 | 4.68 | 62.57 |
| 5 | HOUSE CONNECTION | Nos. | 56030 | 43400 | - | 12630 | 77.46 | 22.54 | - |
| | | | | | | | | | |
| A | Direct water supply | Schemes | 171 | 142 | | | 83.04% | | |
| B | 100 % commissioning | Schemes | 171 | 21 | | | 12.28% | | |
| | | | | | | | | | |
| 5 | Road Reinstatement | KM | Total Dismantling qty- 470 | Total Reinstatement Done- 466 Km | | | Progress- 99.15 % | | |

अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यादायी फर्म- मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा०, हैदराबाद की अत्यंत धीमी प्रगति एवं पर्याप्त मैनपावर नहीं होने पर ओवरहेड टैंक के कार्यों में वांछित प्रगति नहीं मिल पा रही है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए फर्म के ए0जी0एम0 को निर्देशित किया गया कि उचित मैनपावर बढ़ाते हुए पेयजल योजनाओं के समस्त कम्पोनेंट के कार्यों को समयानान्तर्गत पूर्ण करायें।

**(कार्यवाही- अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 मेघा, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0)**

2. **कार्यदायी फर्म (जैक्सन-विश्वराज जे०वी०, नई दिल्ली)**

❖ जल जीवन मिशन फेज-5 के अन्तर्गत चयनित फर्म जैक्शन- विश्वराज (ज्वाइंट वेन्चर), नई दिल्ली को कुल 807 राजस्व ग्राम आवंटित है, जिसके सापेक्ष 807 राजस्व ग्रामों को सम्मिलत करते हुए 290 DPR के माध्यम से संतृप्त किया जाना है।

❖ 290 परियोजनाओं मे कुल 312 ट्यूबवेल का कार्य स्वीकृत है। जिसके सापेक्ष 306 ट्यूबवेल का कार्य कर लिया गया है। कार्यदायी फर्म जैक्शन-विश्वराज के पी0एम0 द्वारा बताया गया कि 31 परियोजनाओं पर भूमि विवाद के कारण कार्य करने में विलम्ब होने की बात कही गई। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा डी0सी0 डी0पी0एम0यू0 को संबंधित उपजिलाधिकारी से संपर्क स्थापित कर 01 सप्ताह में भूमि संबंधित विवाद हल करने हेतु निर्देशित किया गया।

❖ फेज-5 के कार्यो की कम्पोनेंटवार प्रगति समीक्षा में कार्यदायी फर्म जैक्शन विश्वराज (जे0वी0) के PM द्वारा 312 ट्यूबेल के सापेक्ष 304 ट्यूबेल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पम्प हाऊस 312 के सापेक्ष 230 पूर्ण कर लिया गया है तथा 12 परियोजनाओं पर पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है तथा 70 परियोजना पर पम्प हाउस का कार्य अनारम्भ है। जिसे शीघ्र आरम्भ कराने हेतु PM द्वारा अवगत कराया गया। पाइपलाइन का कार्य 3122 किमी0 के सापेक्ष 2350 किमी0 पूर्ण कर लिया गया 32 किमी0 पाइपलाइन का कार्य प्रगति पर है तथा 740 कि0मी0 पाइप लाइन का कार्य अनारम्भ है। जिसे शीघ्र पूर्ण करने के लिए PM द्वारा कहा गया। ओवरहेड टैंक 290 के सापेक्ष 44 ओवरहेड टैंक का कार्य पूर्ण कर लिया गया। 163 ओवरहेड टैंक पर कार्य प्रगति पर है तथा 83 ओवरहेड टैंक का कार्य आनारम्भ है। जिसे शीघ्र आरम्भ कराने हेतु PM द्वारा अवगत कराया गया। हाऊस कनेक्शन 112546 नग के सापेक्ष 45080 नग पूर्ण किये गये है शेष हाउस कनेक्शन शीघ्र पूर्ण करने हेतु PM द्वारा अवगत कराया गया। फर्म के PM द्वारा बताया गया कुल 290 नग पेयजल योजना के सापेक्ष 61 नग पेयजल योजनाओं पर डारेक्ट पम्पिंग के माध्यम से

Scanned with OKEN Scanner

सप्लाई की जा रही है एवं 13 नग पेयजल योजना पर शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कर ओवरहेड टैंक के माध्यम से सप्लाई दी जा रही है।

❖ परियोजनाओं की कम्पोनन्ट-वार प्रगति निम्नानुसार है-

| Sr.no | Component | UOM | Target | Progress | | | Progress % | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Completed Total | Work in progress | Work not started | Completed | Balance to be completed | Work in progress |
| 1 | TUBEWELL | Nos. | 312 | 304 | 0 | 8 | 97.44% | 2.56% | 0% |
| 2 | PUMP HOUSE | Nos. | 312 | 230 | 12 | 70 | 73.72% | 22.43% | 3.85% |
| 3 | PIPELINE | KM | 3122 | 2350 | 32 | 740 | 75.27% | 23.07% | 1.03% |
| 4 | OVERHEAD TANK | Nos. | 290 | 44 | 163 | 83 | 15.17% | 28.62% | 56.21% |
| 5 | HOUSE CONNECTION | Nos. | 112546 | 45080 | 330 | 67136 | 40.06% | 59.65% | 0.29% |
| | | | | | | | | | |
| A | Direct water supply | Schemes | 290 | 61 | | | 21.03% | - | - |
| B | 100 % commissioning | Schemes | 290 | 13 | | | 4.48% | - | - |
| | | | | | | | | | |
| 5 | Road Reinstatement | KM | Total 1648 | Total Reinstatement Done- 1626 Km | | | Progress- 98.67% | | |

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि आवश्यक श्रमिकों की संख्या के सापेक्ष कार्यस्थल पर श्रमिकों की संख्या बहुत कम है। जिसके कारण ओवरहेड टैंक के कार्यों में आपेक्षित प्रगति नही मिल पा रही है। जिसपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष प्रकट करते हुये दोनों कार्यदायी फर्मो के प्रोजेक्ट मैनेजर को आवश्यकतानुसार सभी पे0यो0 के सभी कम्पोनेंट पर मैनपावर बढ़ाते हुये कार्यों की प्रगति समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये गये ।

**(कार्यवाही- अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 मेघा, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0)**

(जयकेश त्रिपाठी)
मुख्य विकास अधिकारी
संत कबीर नगर

18/6/2025

**<u>कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, संतकबीरनगर।</u>**

*पत्रांक-        /        /                *दिनांक-*

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. जिलाधिकारी, संत कबीर नगर को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधिशासी अभियंता, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण), संतकबीरनगर।
3. पी०एम०, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०।
4. पी०एम०, जैक्सन-विश्वराज (जे०वी०)।
5. डी०सी०, डी०पी०एम०यू०, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।
6. डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।

मुख्य विकास अधिकारी
संतकबीरनगर।

18/6/2025

Scanned with OKEN Scanner